251. नीति आयोग के नवाचार सूचकाँक 2021 में (जो कि 2020 में प्रकाशित हुआ) राजस्थान की रैंक क्या है?

(a) नवीं (b) दसवीं

(c) ग्यारहवीं (d) बारहवीं

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 date 06.11.2020 Shift-I

Ans. (d) : नीति आयोग नवाचार सूचकांक-2021 में राजस्थान 12वें स्थान पर है। कर्नाटक 18.05 के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहा। यह रिपोर्ट का तीसरा संस्करण था, जो वैश्विक नवाचार सूचकांक 2021 के ढाँचे को रेखांकित करके देश में नवाचार विश्लेषण के दायरे पर प्रकाश डालता है।

252. भीलवाड़ा में 1944 ई. में किसने महिला आश्रम की स्थापना की?

(a) नारायणी देवी वर्मा (b) अंजनादेवी चौधरी

(c) रतन शास्त्री (d) शांता त्रिवेदी

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 date 06.11.2020 Shift-I

Ans. (a) : भीलवाड़ा में 1944 ई. में महिला आश्रम की स्थापना नारायणी देवी वर्मा ने की थी। नारायणी देवी का जन्म मध्य प्रदेश के सिंगोली में हुआ था। यह माणिक्य लाल वर्मा की धर्मपत्नी थी। यह 1970 से 1976 तक राज्यसभा की सदस्य रही। 12 मार्च 1977 को उनकी मृत्यु हुई।

253. गंजीफा, चारभर, नार-छरी किसके प्रकार हैं?

(a) खेल (b) लोक नाट्य

(c) वाद्य यंत्र (d) परिधान

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 date 06.11.2020 Shift-I

Ans. (a) : गंजीफा, चारभर, नार-छरी खेल के प्रकार हैं। गंजीफा ताश का खेल है। गंजीफा, कार्ड शैली का एक प्राचीन भारतीय खेल है।

254. मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अगस्त 2022 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मानगढ़ धाम को 'राष्ट्रीय स्मारक' का दर्जा देने का अनुरोध किया। यह किस जिले में स्थित है?

(a) बांसवाड़ा (b) डूंगरपुर

(c) सिरोही (d) पाली

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 date 06.11.2020 Shift-I

Ans. (a) : मानगढ़ धाम राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में स्थित है। 19वीं शताब्दी में मानगढ़ टेकरी पर अंग्रेजी फौज ने आदिवासी नेता और समाज सेवक गोविंदगुरु के 1500 समर्थकों को गोलियों से भून दिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवम्बर, 2022 में मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक घोषित कर दिया। मानगढ़ धाम राजस्थान, गुजरात और मध्यप्रदेश की साझी विरासत है।

255. डॉ. सुधीर भण्डारी को कुलपति नियुक्त किया गया है

(a) जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय का

(b) राजस्थान विश्वविद्यालय का

(c) राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय का

(d) राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय का

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 date 06.11.2020 Shift-I

Ans. (d) : फरवरी, 2022 में डॉ. सुधीर भण्डारी को राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया। डॉ. सुधीर भण्डारी सवाई मानसिंह महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, जयपुर के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक थे।

256. राजस्थान फिल्म फेस्टिवल 2022, आर.एफ.एफ. का .... वाँ संस्करण है।

(a) 8 (b) 9

(c) 10 (d) 11

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 date 06.11.2020 Shift-I

Ans. (c) : राजस्थान फिल्म फेस्टिवल, 2022 आर.एफ.एफ. का 10वाँ संस्करण 24 सितम्बर को मान पैलेस में आयोजित किया गया। इस दौरान संजय मिश्रा को लाइफटाइम अचीवमेंअ अवार्ड में सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार की शुरूआत 2013 में हुई थी।

257. समुद्र की गहराई में तिरंगा लहराने वाला अनिल कुमार, तटरक्षक बल का कमाण्डो, राजस्थान के निम्न में से किस जिले के हैं?

(a) अलवर (b) भीलवाड़ा

(c) अजमेर (d) उदयपुर

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 date 06.11.2020 Shift-I

Ans. (b) : समुद्र की गहराई में तिरंगा लहराने वाले तट बल के कमांडो अनिल कुमार राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के रहने वाले हैं।

258. रूपाहली और सुनहरी (स्वर्णिम) छपाई राजस्थान के किन जिलों में प्रसिद्ध है?

(a) जयपुर, जोधपुर और जैसलमेर

(b) किशनगढ़, चित्तौड़गढ़ और कोटा

(c) अजमेर, टोंक और बांसवाड़ा

(d) बूंदी, पाली और सिरोही

RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II

Ans. (b) : रूपाहली और सुनहरी (स्वर्णिम) छपाई राजस्थान के किशनगढ़, चित्तौड़गढ़ और कोटा जिलों में प्रसिद्ध है। राजस्थान में कपड़ों पर हाथों से छपाई का कार्य परम्परा से चला आ रहा है, इसे ही छपाई कला या ब्लॉक प्रिंट कहा जाता है। राज्य में छपाई का कार्य करने वाले को छीप्पा कहा जाता है जो जाति विशेष के लोग हो हैं।

259. गलत युग्म चुनिए–

(a) द्वारकानाथ भट्ट – राग चंद्रिका

(b) दलपत – खुमाण रासो

(c) कुम्भा – संगीत राज

(d) विजयदान देथा – आशाघर

RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II